एसएचजी को मार्केटिंग सिखा रहा आइआइएम

रांची. आइआइएम रांची ने लोहरदगा के स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के लिए मार्केटिंग स्किल सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. यह पहल नीति आयोग अवार्ड मनी उपक्रम के तहत की गयी है. इसका मकसद सहकारी समिति के स्वरोजगार से जुड़े सदस्यों को मार्केटिंग तकनीक की जानकारी देना था. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में सोमवार को कार्यक्रम हुआ. इसमें बतौर मुख्य अतिथि लोहरदगा डीसी डॉ कृष्ण प्रसाद वाघमारे, जिला योजना पदाधिकारी अरुण सिंह, आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक श्रीवास्तव, कार्यक्रम निदेशक डॉ स्वेता झा और प्रो सत्यम शामिल हुए. डीसी डॉ वाघमारे ने कहा कि मार्केटिंग की जानकारी होने से एसएचजी से जुड़े लोग अपना उत्पाद बाजार तक पहुंचा सकेंगे. इससे रोजगार की संभावना भी बढ़ेगी.

Prabhat Khabar, 12.09.2023, Pg.8